# अनेक शब्दों के लिए एक शब्द

**1. जो धन को व्यर्थ व्यय करता हो –**
(a) कृपण
(b) मितव्ययी
(c) अल्पयी
(d) अपव्ययी

**2. जो काम न करना चाहे –**
(a) आलसी
(b) निकम्मा
(c) अकर्मण्य
(d) दुष्कर

**3. जिसे न देख सकें, न सुन सकें और न छू सकें –**
(a) निराकार
(b) निर्गुण
(c) अदृश्य
(d) अगोचर

**4. जो शत्रु की हत्या करता है?**
(a) शत्रुघ्न
(b) नश्वर
(c) जन्मांध
(d) निर्दय

**5. आवश्यकता से अधिक वर्षा होना –**
(a) अनावृष्टि
(b) अतिवृष्टि
(c) झंझावात
(d) दुर्दिन

**6. जो वस्तु खाने योग्य हो –**
(a) भोजन
(b) अन्न
(c) खाद्य
(d) अखाद्य

**7. जो कवि तत्क्षण ( तुरन्त ) कविता कर सकें –**
(a) महाकवि
(b) गायक
(c) रचनाकार
(d) आशुकवि

**8. आकाश में विचरण करने वाला –**
(a) पक्षी
(b) थलचर
(c) कौवा
(d) नभचर

**9. जो अपने कर्त्तव्य को न जानता हो –**
(a) अनजान
(b) अज्ञानी
(c) किंकर्त्तव्यविमूढ़
(d) कर्त्तव्यहीन

**10. जिसे जीता न जा सके –**
(a) विजितक
(b) अज्ञेय
(c) अजेय
(d) दुर्जेय

**11. दोपहर के बाद का समय –**
(a) पूर्वाह्न
(b) अपराह्न
(c) मध्याह
(d) निशीथ

**12. जो आंखों के सामने घटित न हो –**

(a) अभिज्ञान
(b) अज्ञात
(c) परोक्ष
(d) अपरोक्ष

**13. अन्योन्याश्रित –**
(a) किसी पर आश्रित होना
(b) किसी पर आश्रित न होना
(c) एक-दूसरे पर आश्रित होना
(d) किसी को आश्रित बना देना

**14. निम्न में कौन-सा शब्द अनेकार्थक है?**
(a) अंबर
(b) बालक
(c) साहस
(d) पुस्तक

**15. सर्प, मेढ़क, सिंह, घोड़ा, वानर, हाथी आदि को समझाने वाला शब्द है –**
(a) शिव
(b) हरि
(c) कपिश
(d) पशु

## Answer Key

1. Ans- d
2. Ans- c
3. Ans- d
4. Ans- a
5. Ans- b
6. Ans- c
7. Ans- d
8. Ans- d
9. Ans- c
10. Ans- c
11. Ans- b
12. Ans- c
13. Ans- c
14. Ans- a
15. Ans- b